दिनांक : 21.07.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- संसद के मॉनसून सत्र की आज से होगी शुरूआत। सरकार ने कहा-सभी मुद्दों पर बात करने को तैयार।
- मुख्यमंत्री ने दुबई और स्पेन की यात्रा को बताया बेहद सफल। कहा- 11 हजार करोड़ से अधिक के मिले निवेश प्रस्ताव।
- नशामुक्ति अभियान के तहत प्रदेश में जनजागरूकता के कार्यक्रमो का आयोजन जारी।
- सावन मास का आज दूसरा सोमवार, उज्जैन में निकलेगी भगवान महाकाल की सवारी।

मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है। संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान निपटाये जाने वाले महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्य तय कर लिये गये हैं। संसद सत्र से पहले कल सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। विभिन्न दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदन के नेताओं ने इस बैठक में भाग लिया।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने बताया कि सरकार दोनों सदनों में किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर नियमानुसार विचार विमर्श के लिए तैयार है।

बाइट-किरेन रिजिजू

श्री रिजिजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच माध्यस्थता के अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर कहा कि सरकार सदन में इस मुद्दे पर समुचित जवाब देगी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर महाभियोग मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सभी दलों के साथ मिलकर यह प्रक्रिया पूरी होगी।

मुख्यमंत्री-स्पेन यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा से मध्यप्रदेश को 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी जर्मनी, जापान और यूके आदि की यात्रा के दौरान वहां से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बड़े प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। कल शाम मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा से लौटने पर के बाद भोपाल में मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में 14 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री-विश्राम गृह निर्माण कार्य उद्घाटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव  और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज विधायक विश्राम गृह परिसर भोपाल में नए विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी इसमें शामिल होंगे। नवीन विधायक विश्राम गृह लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स का निर्माण प्रस्तावित है।

यू.पी.आई.

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस- यू.पी.आई. के साथ तीव्र भुगतान प्रणाली में पूरे विश्व में सबसे आगे है। इस वर्ष जून महीने में इस माध्यम से 18 अरब 39 करोड़ से अधिक लेनदेन में 24 लाख तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का कारोबार हुआ। यह पिछले वर्ष के जून महीने की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हाल की टिप्पणी के अनुसार यू.पी.आई. से भारत की भुगतान प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस माध्यम से प्रति माह 18 अरब से अधिक लेन-देन होता है।

नशामुक्ति अभियान

प्रदेश में नशामुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। खंडवा जिले में कल पुलिस अधीक्षक मनोज राय के मार्गदर्शन मे सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों मे जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किए गए। डिण्डौरी जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना यातायात पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस चालकों, ऑटो चालकों और आम नागरिकों को नशा मुक्ति संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। मुरैना में फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने आमजन से नशे के विरुद्ध जागरूकता उत्पन्न करने को कहा है। नर्मदापुरम जिले में पचमढ़ी में आयोजित नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए जागरुक किया जा रहा है। साथ ही कल पुलिस विभाग द्वारा शहर के छात्रावास और स्कूलों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

अच्छी खबर-धार

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रमों में पिछले दिनों अहमदाबाद में मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात की सहकारी क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं के साथ सहकार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संवाद किया। यहां धार जिले की रुचिका परमार भी शामिल थी।

पैकेज-संवाददाता, धार

*वीओ- महिलाएं हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है चाहे वह प्रबंधन का कार्य हो, सहकारिता का कार्य हो या संवाद का कार्य हो। सभी दूर महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सहकार संवाद कार्यक्रम में देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के सम्मुख धार जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली ढाई हजार से अधिक सदस्यों वाली नौगांव सहकारी समिति धार की प्रबन्धक रुचिका परमार ने आकाशवाणी से चर्चा करते बताया कि....*

*(हमारी समिति नौगांव है उसके अंदर हम केसीसी के अंतर्गत खाद और नगद का वितरण करते हैं। पूरे ईयर में हम 15 करोड़ का फाइनेंस करते हैं। इसके साथ ही हम समर्थन मूल्य का कार्य करते हैं साथ ही पीडीएस का जो की शासकीय उचित मूल्य की दुकानें है। हमारे पास 5 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 5 जुलाई को हमने अमित शाह जी से संवाद किया। उसमें उन्होंने अभी सोसाइटियों को इंपैक्ट कन्वर्ट करने की एक मुहीम चलाई है। जिसमें हमारी संस्था में एक काफी समय से पुरानी अनुपयोगी जगह रखी हुई है जिसे हम उसको यूज करके मैरिज गार्डन का प्रस्ताव किया है। हमको अमित शाह जी का भी बहुत पॉजिटिव रिस्पांस मिला है उससे भी हमें मोटिवेशन आ रहा है कि हम हमारे यहां और भी मल्टीपरपज बिजनेस कर सकते हैं।*

श्रावण सोमवार

आज श्रावण का दूसरा सोमवार है। उज्जैन में परंपरागत रूप से ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की दूसरी सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। बाबा महाकाल रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। हाथी पर मनमहेश विराजीत रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सवारी में शामिल होंगे। सवारी महाकाल मंदिर से कोट मौहल्ला चौराहा होकर शिप्रा तट पहुंचेगी। ओंकारेश्वर, मंदसौर के पशुपति नाथ सहित सभी मंदिरों में प्रशासन ने दर्शनों के लिए विशेष व्यवस्था की है। जबलपुर में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भी आज भोलेनाथ की शाही सवारी निकाली जाएगी। वहीं पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गौरीघाट में माँ नर्मदा का पूजन करने के बाद संस्कार काँवड़ यात्रा का शुभारंभ किया।

शतरंज-विश्व कप

कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुँच कर इतिहास रचा है। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुँचने वाली वे पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। हम्पी ने जॉर्जिया में क्वार्टरफाइनल में चीन की सोंग युचिन को हराया।
अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल में आज से ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को लाने लेजाने पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस कल ई-रिक्शा को बच्चों के लिए असुरक्षित मानते हुए निर्देश जारी किये हैं।
- इ्दौर के स्वच्छता माडल को देखने कल उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास सचिव अनुज कुमार झा पहुंचे। उन्होंने विभिन्न जगहों का दौरा कर कचरा निपटान प्रक्रिया को देखा।
- आगरमालवा जिले में आयोजित होने वाले दस्तक अभियान को लेकर कल शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अमले को प्रशिक्षण दिया गया।
- शिवपुरी के राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ डी. परमहंस ने कल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।
- पन्ना कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि सड़क पर घुमने वाले गौवंश को गौ शालाओं में  भेजा जाए, नहीं तो गौपालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-------